दिनांक : 07.02.2026 समय : 07.10PM

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार,**

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सीहोर जिले में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ।
- प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए आज से किसानों का पंजीयन शुरू।
- मुख्यमंत्री कल शहडोल जिले में कई निर्माण कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।
- आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्वकप में अब से कुछ देर बाद भारत का मुकाबला अमेरीका से।

खाद्य दलहन **सम्मेलन**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सीहोर जिले के अमलाहा स्थित खाद्य दलहन अनुसंधान केंद्र में राष्ट्रीय परामर्श एवं रणनीति सम्मेलन का शुभारंभ किया। पेश है एक रिपोर्ट–

इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन करने के साथ ही पल्सेस मिशन पोर्टल की लॉन्चिग की गई। कार्यक्रम में जैविक खेती के विस्तार सहित कृषि के क्षेत्र में नवाचार व विशेष योगदान देने वाले किसानों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

गेहूं उपार्जन

प्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2026–27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए आज से किसानों के पंजीयन शुरू हो गये हैं। किसान सात मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। कुल 3 हजार 186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026–27 के लिये गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 585 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो पिछले वर्ष से 160 रुपये अधिक है। मंत्री राजपूत ने बताया कि पंजीयन की निशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है।

मुख्यमंत्री चीता

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान के चीता परिवार में 5 शावकों के जन्म पर हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में एक और अभूतपूर्व उपलब्धि दर्ज की गई है। मादा चीता आशा ने 5 स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है, जिससे भारत के चीता पुनर्स्थापन अभियान को नई मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब भारत में जन्मे चीतों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है, जबकि कूनो में कुल चीतों की संख्या 35 तक पहुँच गई है।**

उन्मूलन दिवस

राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेंटर में सोमवार 9 फरवरी को 'बंधक श्रम उन्मूलन दिवस' पर कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। श्रम विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन सुबह 10 बजे श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल करेंगे। कार्यशाला में राज्य स्तरीय एक्शन प्लान का विमोचन भी होगा। गौरतलब है कि श्रम मंत्री की पहल पर विभाग ने बाल एवं बंधक श्रम को रोकने और जागरुकता लाने एक विशेष 'वेदा पहल' की शुरुआत की है।

लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल शहडोल जिले के ग्राम गंधिया में आयोजित कार्यक्रम में 767 करोड़ की लागत वाले निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इन कार्यों में 633 करोड़ रूपए लागत वाले 82 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इन कार्यों में एमपी आरडीसी, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भवन, मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय प्रशासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, जनजातीय कार्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग तथा मध्यप्रदेश पूर्व विद्युत क्षेत्र वितरण कंपनी के कार्य शामिल हैं।

जे.पी. नड्डा–दीक्षांत

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान – एम्स की संख्या 6 से बढ़कर 23 हो गई है। एम्स देश में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा संस्थानों का एक सशक्त नेटवर्क है। फरीदाबाद के शैक्षणिक संस्थान के एक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य तथा संक्रामक और गैर–संक्रामक बिमारियों सहित मुख्य स्वास्थ्य संकेतकों में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

अश्विनी वैष्णव-कर्नाटक

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी तथा सूचना और प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत सेमीकंडक्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। भारत की यह प्रगति अन्य देशों को संपूर्ण समाधान प्रदान कर सकती है। उन्होंने आज बेंगलुरु में क्वालकॉम निर्मित 2 नैनोमीटर सेमीकंडक्टर चिप का अनावरण करने के बाद संवाददाताओं को संबोधित किया। श्री वैष्णव ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में सक्षम होगा।

यूपीएससी - कॉल सेंटर सहायता

संघ लोक सेवा आयोग-यूपीएससी ने उम्मीदवारों को बेहतर सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए अपने कॉल सेंटर के कामकाज के घंटे बढ़ा दिए हैं। यूपीएससी ने एक बयान में कहा कि सिविल सेवा परीक्षा - सीएसई 2026 और भारतीय वन सेवा - आईएफओएस परीक्षा 2026 के आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक कॉल सेंटर शनिवार, रविवार और छुट्टियों सहित सभी दिन चालू रहेगा। यह सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक दो शिफ्टों में कार्य करेगा। इससे उम्मीदवारों को नियमित कार्य समय के बाद भी सहायता प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

आदि महोत्सव

राजधानी भोपाल के हाट बाजार में आज से नौ दिवसीय जनजातीय संस्कृति शिल्प और विरासत के संगम आदि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 15 फरवरी तक आयोजित इस महोत्सव में राजस्थान ब्लू पाटरी, ओडिसा का डोकरा आर्ट, काथा वर्क पश्चिम बंगाल, तोडा शाल तमिलनाडु समेत देश के विविध राज्यों के जनजातीय कारीगरो के हाथकरघा एवं हस्तशिल्प उत्पादो की बिक्री की जाएगी।

टी–20 क्रिकेट

कोलंबो में आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्वकप के आज पहले मैच में पाकिस्तान ने नीदरलैंड को तीन विकेट से हरा दिया है। भारत का मुकाबला अमरीका से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में चल रहा है। अमेरीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है।

मौसम

प्रदेश में बीते दो दिनों से ठंड का असर और बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में कल से एक नया पश्चिमी विछोभ सक्रिय हो रहा है, जिसका असर प्रदेश में भी देखने को मिलेगा। 10 फरवरी से मावठे की शुरुआत होने का अनुमान है।

**समाचार संक्षेप में –**

- अशोकनगर जिले में बोर्ड परीक्षाएं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराये जाने और नकल प्रवत्ति को रोकने हेतु विकासखण्डवार आकस्मिक निरीक्षण दलों का गठन किया गया है।
- झाबुआ रबी विपणन वर्ष 2026–27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु जिले में 18 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए हैं।
- एकीकृत बागवानी विकास मिशनयोजनांतर्गत आगरमालवा में आयोजित हुई दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला एवं पुष्प प्रदर्शनी का कल समापन हो गया।
- मंदसौर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में एनएसएस इकाई द्वारा विद्यार्थियों को 'माय भारत बजट क्विज' में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।
- शिवपुरी जनपद पंचायत द्वारा आज वीबी जीराम योजना को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान योजना के उद्देश्य, लाभ एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।
- किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि के उद्देश्य से एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के अंतर्गत स्टार्टअप इंडिया कार्यशाला का आयोजन खंडवा के किशोर कुमार सभागृह में किया गया।
- नीमच जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा नैत्र रोगियों की जांच एवं मोतियाबिंद की जांच तथा उपचार के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे है।

..............................